पेज थ्री देहरादून

सीएम ने कोविड विनर के अनुभवों पर आधारित छोटी–छोटी स्टोरी बनाने के दिए निर्देश।





## संक्षिप्त समाचार

### हाथरस मामले पर कांग्रेस का आंदोलन जातीय अलगाव पैदा करने का प्रयासः भाजपा

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ देवेंद्र भसीन ने कांग्रेस द्वारा हाथरस मामले पर आंदोलन की आलोचना करते हुए कहा है कि यह समाज में जातीय अलगाव पैदा करने की कोशिश है। भाजपा ने कांग्रेस से सवाल किया है कि हाथरस पर हल्ला कर रहे कांग्रेस नेता राजस्थान व छत्तीसगढ़ की घटनाओं पर चुप क्यों है और वह उत्तराखंड में क्यों धरना दे रहे हैं।

### संजय सिंह पर स्याही फिकवाकर बीजेपी ने अपना घिनौना चेहरा दिखायाः रविंद्र

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनन्द ने एक बयान जारी कर हाथरस में हुए मनीषा के साथ बलात्कार में पीड़ित परिवार से मिलने गए राज्यसभा सांसद संजय सिंह पर स्याही फेंके जाने पर योगी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी ने अपना घिनौना चेहरा दुनिया को दिखा दिया है। पहले तो जिस प्रकार पीड़ित परिवार से मीडिया एवं अन्य लोगों को दूर रखा गया और शासन प्रशासन के साथ मिलकर जोर जबरदस्ती से लोकतंत्र की हत्या की, साथ ही आज राज्यसभा सांसद संजय सिंह पर स्याही फिकवाकर अपनी तानाशाही होने का प्रमाण दिया है।

### आस्क संस्था ने चलाया जागरूकता अभियान

**संवाददाता** देहरादून। अरदास समाज कल्याण संस्था के युवा कार्यकर्ताओं ने रायपुर स्तिथ लोहार बस्ती के आसपास कोविड जागरूकता को ले कर मास्क, सैनिटाइजर एवं महिलाओं को सेनेटरी पैड्स वितरित कर सोशल डिस्टनसिंग, स्वच्छता एवं मास्क पहनने को ले कर जागरूक किया।
इस अवसर पर संस्थापक राजवीर सिंह ने कहा कि अब जैसा कि कोविड बहुत ज्यादा बढ़ रहा है और घर मे रहा भी नहीं जा सकता काम के चलते तो मात्र जागरूक होना ही रास्ता बचता है इससे बचने का।

### कोविड पर जनजागरूकता अभियान चलाया जायः सीएम

**प्रथम पेज का शेष....**खेल विभाग द्वारा कोरोना विनर्स के नेतृत्व में जागरूकता के लिए वॉक कार्यक्रम, कोरोना से जागरूकता हेतु सांस्कृतिक दलों के माध्यम से लघु नाट्य, गीत एवं आनलाईन माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाये। कोरोना से जागरूकता में अच्छा कार्य करने वाले जनपदों, विकासखंण्डो एवं ग्राम पंचायतों को भी पुरस्कृत किया जाय। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री अरविन्द पाण्डेय, मुख्य सचिव ओम प्रकाश, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्रीमती राधिका झा, दिलीप जावलकर, डॉ. पंकज पाण्डेय, बृजेश कुमार संत, एच.सी. सेमवाल, सूचना महानिदेशक डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट आदि उपस्थित थे।

# प्रत्येक ब्लॉक में दो–दो अटल आदर्श विद्यालय स्थापित किए जाए: सीएम

**समीक्षा**

■जल्द लाई जाएगी नई खेल नीति, खेल विशेषज्ञों और खिलाड़ियों से लिए जा रहे सुझाव

■मुख्यमंत्री ने सचिवालय में विद्यालयी शिक्षा और खेल विभाग की समीक्षा की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक ब्लॉक में दो–दो अटल आदर्श विद्यालय स्थापित किए जाएं। राज्य की नई खेल नीति के बारे में खेल विशेषज्ञों, खिलाड़ियों, और आम जन से सुझाव प्राप्त किए जाएं और जल्द से जल्द से कैबिनेट में प्रस्तुत किया जाए। खेल में तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए खेल विज्ञान केंद्र की स्थापना की जाए। खेल विकास निधि बनाई जाए। बच्चे कम उम्र से ही खेलों में प्रतिभाग के लिए प्रोत्साहित हों, इसके लिए मुख्यमंत्री खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति दी जाए। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में विद्यालयी शिक्षा और खेल विभाग की समीक्षा की।



**अटल आदर्श विद्यालयों में हिंदी व अंग्रेजी दोनो माध्यम का विकल्प हो:** मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल आदर्श विद्यालयों की स्थापना, उच्च गुणवत्ता की शिक्षा के सभी मानक पूरे करते हुए की जाए। इनसे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा के समान अवसर मिल सकेंगे। इन विद्यालयों में हिंदी व अंग्रेजी दोनों माध्यमों का विकल्प बच्चों को उपलब्ध हो। स्पोकन इंग्लिश पर विशेष ध्यान दिया जाए। विज्ञान की प्रयोगशाला, सभी आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित हो।

**174 विद्यालय किए गए अटल आदर्श विद्यालय हेतु चिन्हितः** बैठक में बताया गया कि 174 विद्यालयों को अटल आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने के लिए चिन्हित कर लिया गया है। इनमें से 108 विद्यालयों में वर्चुअल क्लास की सुविधा उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां भी अटल आदर्श विद्यालय बनाए जाएं वहां स्थानीय स्थापत्य और सामग्री का प्रयोग किया जाए। बैठक में थानो में प्रस्तावित अटल आदर्श विद्यालय के डिजायन आदि से भी अवगत कराया गया।

**ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रेरित करे नई खेल नीतिः** मुख्यमंत्री ने राज्य की नई खेल नीति के बारे में खेल विशेषज्ञों, खिलाड़ियों, और आम जन से सुझाव प्राप्त कर जल्द से जल्द से कैबिनेट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। खेल नीति इस प्रकार की हो जिससे ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अधिक अवसर मिलें।

**खेल अवस्थापना के लिए प्राइवेट सेक्टर को प्रोत्साहित किया जाए**
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर को खेल के क्षेत्र में आने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। बच्चे टीवी, मोबाईल की दुनिया से बाहर निकलकर खेल के मैदान में आएं। खेलों में तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए खेल विज्ञान केंद्र की स्थापना की जाए।

**खेल नीति में बालिकाओं के लिए हों विशेष प्रावधानः** मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल कुम्भ में नए खेल शामिल किए जाएं। बालिकाओं के लिए खेल नीति में विशेष प्रावधान किए जाएं। नेशनल लेवल और इंटरनेशनल लेवल पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को सुविधाएं दी जाए। खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल विकास निधि का निर्माण किया जाए। दिव्यांग खिलाड़ियों की आर्थिक सहायता के लिए व्यवस्था की जाए।

बैठक में विद्यालयी शिक्षा एवं खेल मंत्री अरविंद पाण्डेय, सचिव श्री आर मीनाक्षी सुन्दरम, बृजेश कुमार संत, निदेशक शिक्षा आर के कुंवर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों की समस्याओं के निस्तारण के सिंगल विंडो सिस्टम

मुख्यमंत्री ने आठ वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों के लिए मुख्यमंत्री खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। खिलाड़ियों की समस्याओं के समाधान के लिए सिंगल विंडो सिस्टम विकसित किया जाए। व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों और राजकीय विभागों में उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए कोटा इस प्रकार का हो जिससे खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिले।

# यूपी में सामूहिक गैंगरेप पर मौन सत्याग्रह

**सत्याग्रह**

■ यह सब राज्य की सरकार के इशारे पर हो रहा हैः प्रीतम सिंह

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तर प्रदेश के हाथरस, बलराम पुर, बुलंदशहर व आजमगढ़ में महिलाओं व युवतियों के साथ हुए सामूहिक गैंगरेप व हत्या किये जाने के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आहवान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राजधानी में गांधी पार्क के बाहर उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ मौन सत्याग्रह किया और इस अवसर पर कांग्रेस मौन पर रहे।



प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजन गांधी पार्क बाहर पहुंचे और मौन सत्याग्रह से पूर्व कांग्रेसजनों ने उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और बाद में मौन सत्याग्रह पर बैठे। इस अवसर पर मौन सत्याग्रह के समापन के बाद प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा है कि लगातार उत्तर प्रदेश सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और जिस प्रकार से हाथरस में पुलिस द्वारा अनावश्यक रूप से लाठीचार्ज किया जा रहा है वह घटना निंदनीय है। लगातार उत्तर प्रदेश में हालत खराब है और उन्होंने कहा कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के हाथरस में वाल्मीकि समुदाय की बेटी स्वर्गीय मनीषा के साथ जो जघन्य अपराध हुआ उसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है।
उन्होंने कहा कि उसके बाद हुए घटनाक्रम ने योगी आदित्यनाथ सरकार को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया है। हाथरस की बिटिया को अभी तक न्याय नहीं मिल पाया है और पीड़िता के परिवार की सहमति एव उपस्थिति के बिना उसके पार्थिव शरीर को रात के अंधेरे में गुप्त तरीके अंतिम संस्कार कर दिया गया और विपक्ष के लोगों को लगातार हाथरस जाने से रोका जा रहा है। यह सब राज्य की सरकार के इशारे पर हो रहा है। इस अवसर पर अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया।

### विद्युत चालित चाक व मट्टी की व्यवस्था कराई जाए

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने कुम्हार समाज के लोगों की समस्याओं को लेकर कैंट विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरबंस कपूर से उनकी समस्याओं को ज्ञापन सौंपा और विद्युत चालित चाक की और मिट्टी की व्यवस्था कराई जाए की मांग की गई।
इस अवसर पर भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने विधायक हरबंस कपूर को बताया कि वार्ड नंबर 33 यमुना कॉलोनी में कुम्हार समाज के काफी लोग मिट्टी से बर्तन बनाने का कार्य करते हैं और उनकी समस्याओं को देखते हुए इस का निवारण किया जाए। उन्होंने कहा यह कला विलुप्त न हो जाए कुम्हार कला से जुड़े लोगों को मिट्टी को मूल्यवान वस्तुओं और कलाकृतियां मैं बदल देते हैं कुम्हार समाज की समस्याओं को देखते हुए इनको विद्युत चालित चाक की और मिट्टी की व्यवस्था कराई जाए।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।